Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 30-04-2007

Participants : Mehta Shri Alok Kumar

Title: Need to provide special Central relief package to victims of fire-accidents in Samastipur, Bihar.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : महोदय, विगत कुछ दिनों के अंदर बिहार में हजारों घरों में आगजनी की घटना हुई। अकेले समस्तीपुर जिला के सरायरंजन, मोहनपुर एवं कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत पिछले एक महीने में लगभग 1600 घरों में आग लगी और सब कुछ जल कर भस्म हो गया। साथ ही चार लोग झुलस कर मर गये लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा आंशिक व्यवस्था की गई। यदि मौजूदा प्रावधान के मुताबिक भी सुविधा मुहैया करायी गयी होती तो भी पर्याप्त न होती। ऐसी स्थिति में जबकि 1600 परिवारों के पास अपने तन पर आधे वस्त्र के अलावा कुछ भी नहीं बचा है। मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार इन परिवारों के लिए प्रावधानों के अतिरिक्त विशेा सहायता मुहैय्या कराए।